# जीवन वृत्त

जीवन वृत्त किसी जाने माने व्यक्ति, लेखक या साहित्यकार के जीवन का संक्षिप्त विवरण है। यह छोटी अनुच्छेदों में लिखा जाते हैं। यह जीवनी (Biography) से बिलकुल भिन्न है। किसी भी व्यक्ति, लेखक या साहित्यकार के जन्म और जीवन का वर्णन संक्षिप्त में करें तो उसे जीवन-वृत्त (Brief Life history/Profile) कहते हैं। लेखक के बारे में प्रश्न पत्र में दी गई बातों को ध्यान में रखकर उसी के आधार पर अनुच्छेद लिखने की कोशिश करें।

HSSLiVE.IN

## जीवन-वृत्त पढ़ें और अनुच्छेद लिखें।

1. मैथिलीशरण गुप्त

| | |
|---|---|
| नाम | - मैथिलीशरण गुप्त |
| जन्म | - 1885 |
| जन्म स्थान | - चिरगाँव, उत्तर प्रदेश |
| श्रेष्ठ रचनाएँ | - साकेत, यशोधरा, पंचवटी |
| विशेषताएँ | - पुराणों में उपेक्षित कथा प्रसंग एवं पात्रों को लेकर युगानुरूप काव्य |
| पुरस्कार | - पद्मभूषण, 1954 |
| मृत्यु | - 1965 |

**मैथिलीशरण गुप्त के बारे में अनुच्छेद:**

**मैथिलीशरण गुप्त (1885 – 1965)**

श्री मैथिलीशरण गुप्त का जन्म 1885 को उत्तर प्रदेश के चिरगाँव में हुआ था। भारतीय पुराणों में उपेक्षित कथा प्रसंग एवं पात्रों को लेकर युगानुरूप काव्य उन्होंने रचे। साकेत, यशोधरा, पंचवटी आदि उवकी श्रेष्ठ रचनाएँ है। 1954 में वे पद्मभूषण पुरस्कार से सम्मानित थे। गुप्त जी की मृत्यु 1965 में हुआ।

2. बहादूर शाह ज़फ़र

| | |
|---|---|
| नाम | - बहादूर शाह ज़फ़र |
| जन्म | - 24 अकतूबर 1775 |
| जन्म स्थान | - दिल्ली |
| विशेषताएँ | - दिल्ली के अंतिम मुगल सम्राट<br>- ब्रिटीश सरकार के विरुद्ध स्वतंत्रता की पहली लड़ाई में भाग लिया।<br>- ब्रिटीश सरकार ने युद्ध में परास्त करके रंगून भेजा दिया, सख्त पहरे के बीच में भी अपनी बेटी को चिट्टियाँ भेजा। |
| मृत्यु | - 17 दिसंबर 1862, रंगून की कैदी में |

**बहादूर शाह ज़फ़र के बारे में अनुच्छेद:**

**बहादूर शाह ज़फ़र (1775 – 1862)**

दिल्ली के अंतिम मुगल सम्राट श्री बहादूर शाह ज़फ़र का जन्म 24 अक्तूबर 1775 को दिल्ली में हुआ। उन्होंने ब्रिटीश सरकार के विरुद्ध स्वतंत्रता की पहली लड़ाई में भाग लिया। ब्रिटीश सरकार ने युद्ध को परास्त किया और उसे कैदी करके रंगून भेजा दिया। सख्त पहरे के बीच में भी वे अपनी बेटी को चिट्टियाँ लिखा। 17 दिसंबर 1863 में रंगून की कैदी में ही उनकी मृत्यु हुई।

3. जवाहरलाल नेहरू

| | |
|---|---|
| नाम | - जवाहरलाल नेहरू |
| जन्म | - 14 नवंबर 1889 |
| जन्म स्थान | - इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश |
| माता | - स्वरूपा रानी |
| पिता | - मोतीलाल नेहरू |
| विशेषताएँ | - स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री, बच्चों से बहुत लगाव था। |
| प्रसिद्ध रचना | - डिस्कवरी ऑफ इण्डिया |
| मृत्यु | - 27 मई 1964, दिल्ली में |

**जवाहरलाल नेहरु के बारे में अनुच्छेद:**

**जवाहरलाल नेहरू (1889 – 1964)**

स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री श्री जवाहरलाल नेहरु का जन्म 14 नवंबर 1889 को उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद में हुआ। उनकी माता-पिता स्वरूपा रानी और मोतीलाल नेहरू थे। उन्हें बच्चों से बहुतधिक लगाव था। उवकी मृत्यु 27 मई 1964 को दिल्ली में हुई।

Do Not Copy

4. हिमांशु जोशी

| | |
|---|---|
| नाम | - हिमांशु जोशी |
| जन्म | - 1935 |
| जन्मस्थान | - उत्तराखंड |
| प्रमुश रचनाएँ | - यात्राएँ, नोर्वे: सूरज चमके आधी रात आदि यात्रा वृत्तांत |
| विशेषताएँ | - बहुमुखी प्रतिभावान रचनाकार,<br>हिंदी की सभी विधाओं में लेखनी चलाई |
| मृत्यु | - 2019 |

हिमांशु जोशी के बारे में अनुच्छेद:

हिमांशु जोशी (1935 – 2019)

श्री हिमांशु जोशी का जन्म 1935 को उत्तराखंड में हुआ। वे बहुमुखी प्रतिभावान रचनाकार है। हिंदी के सभी साहित्यिक विधाओं में उन्होंने अपनी लेखनी चलाई। यात्राएँ, नोर्वे: सूरज चमके आधी रात आदि उनके प्रमुख यात्रा वृत्तांत है। उनकी मृत्यु 2019 में हुई।

5. सूरदास:

| | |
|---|---|
| नाम | - सूरदास |
| जन्म | - 15 वीं सदी के अंतिम दशक |
| जन्मस्थान | - उत्तरप्रदेश |
| प्रमुश रचना | - सूरसागर |
| विशेषताएँ | - सगुण भक्तिधारा के सर्वश्रेष्ठ कृष्णभक्त कवि<br>जन्मांध थे,<br>- वात्सल्य वर्णन अद्वितीय है। |

HSSLiVE.IN

सूरदास के बारे में अनुच्छेद:

सूरदास

सूरदास का जन्म 15 वीं सदी के अंतिम दशक में उत्तरप्रदेश में हुआ। सगुण भक्तिधारा के सर्वश्रेष्ठ कृष्णभक्त कवि सूरदास जन्मांध थे। उनका वात्सल्य वर्णन अद्वितीय है। सूरसागर उनकी प्रमुख रचना है।

6. आनंद बख्शी:

| | |
|---|---|
| नाम | - आनंद बख्शी |
| जन्म | - 1930 |
| जन्मस्थान | - रावलपिंडी (वर्तमान पाकिस्तान) |
| विशेषताएँ | - 'भला आदमी' फिल्म केलिए गीत लिखकर हिंदी फिल्मी जगत् में पदार्पण<br>लगभग 4000 से अधिक हिंदी गीत लिखे। |
| पुरस्कार | - फिल्म फेयर, ऐ. ऐ. एफ. ए |
| निधन | - 2002, मुंबई, 72 साल की आयु में |

आनंद बख्शी के बारे में अनुच्छेद:

आनंद बख्शी (1930 – 2002)

श्री आनंद बख्शी का जन्म 1930 को वर्तमान पाकिस्तान के रावलपिंडी में हुआ था। 'भला आदमी' फिल्म केलिए गीत लिखकर वे हिंदी फिल्मी जगत् में पदार्पण किए। उन्होंने लगभग 4000 से अधिक हिंदी गीत लिखे। फिल्म फेयर तथा ऐ. ऐ. एफ. ए पुरस्कारों से वे संमानित भी थे। 72 साल की आयु में 2002 को मुंबई में उनका निधन हुआ।

Do Not Copy